# शिक्षा निदेशालय, राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र, दिल्ली

**अभ्यास प्रश्न-पत्र**

**सत्र: 2024-25**

**कक्षा : 12**

**विषय: राजनीति विज्ञान (028)**

**अवधि: 3 घंटे** **अधिकतम अंक: 80**

खण्ड-ए (12 अंक)

1. निम्नलिखित घटनाओं को कालानुक्रमिक क्रम में व्यवस्थित कीजिए और सही विकल्प चुनिए:

(i) संयुक्त राष्ट्र संघ की स्थापना

(ii) प्रथम विश्व युद्ध

(iii) द्वितीय विश्व युद्ध

(iv) राष्ट्र संघ का जन्म

a) (ii), (i), (iii), (iv)
b) (i), (ii), (iii), (iv)
c) (ii), (iv), (iii), (i)
d) (iv), (iii), (ii), (i)

2. संयुक्त राष्ट्र संघ के प्रधान प्रतिनिधि को किस पदनाम से जाना जाता है?

a) राष्ट्रपति
b) महासचिव
c) प्रधान मंत्री
d) सचिव

3. मानव सुरक्षा की 'संकीर्ण' अवधारणा के समर्थक किस पर ध्यान केंद्रित करते हैं-

a) आंतरिक हिंसा से समुदायों और व्यक्तियों की सुरक्षा
b) सूखे और भूख से समुदायों और व्यक्तियों की सुरक्षा
c) महामारी से समुदायों और व्यक्तियों की सुरक्षा
d) प्राकृतिक आपदा से समुदायों और व्यक्तियों की सुरक्षा

4. निम्नलिखित प्रश्न में, कथन (A) के बाद कारण (R)दिया गया है।इन्हें पढ़कर उत्तर के रूप में उचित विकल्प चुनिए:

कथन (A): दुनिया के अधिकांश सशस्त्र संघर्ष अफ्रीका के सहारा मरुस्थल के दक्षिणवर्ती देशों में होते हैं।

कारण (R): यह विश्व का सबसे गरीब क्षेत्र है।

a) कथन और कारण दोनों सही हैं, और कारण, कथन की सही व्याख्या है।
b) कथन और कारण दोनों सही हैं, लेकिन कारण, कथन की सही व्याख्या नहीं है।
c) कथन गलत है, लेकिन कारण सही है।
d) कथन सही है, लेकिन कारण गलत है।

5. भारत की सुरक्षा रणनीति का पहला घटक..................... को मजबूत करना है।

a) जनसंख्या
b) अर्थव्यवस्था
c) सैन्य क्षमता
d) विकास

6. 11 सितंबर 2001 को निम्नलिखित में से किस देश पर आतंकवादियों ने हमला किया था?

a) फ्रांस
b) स्पेन
c) रूस
d) अमेरिका

7. सूची I को सूची II से मिलाकर सर्वोत्तम उत्तर कोड चुनिए--

सूची I सूची II

A. इंडियन नेशनल आर्मी (i) दलाई लामा
B. भारत के प्रथम विदेश मंत्री (ii) जवाहरलाल नेहरू
C. तिब्बती आध्यात्मिक नेता जो भारत आ गए (iii) नेताजी सुभाष चंद्र बोस

https://www.evidyarthi.in/

D. ताशकंद समझौते के दौरान भारत के प्रधान मंत्री (iv) लाल बहादुर शास्त्री

कोड :

a) A-(iii), B-(i), C(ii), D-(iv)
b) A-(iii), B-(ii), C(i), D-(iv)
c) A-(ii), B-(i), C(iii), D-(iv)
d) A-(iv), B-(ii), C(i), D-(iii)

8. 1960 में किन दो नेताओं ने सिंधु जल संधि पर हस्ताक्षर किये?

a) जवाहरलाल नेहरू और जनरल अयूब खान

b) इंदिरा गांधी और जनरल अयूब खान

c) लाल बहादुर शास्त्री और जुल्फिकार अली भुट्टो

d) जवाहर लाल नेहरू और चाऊ एनलाई

9. 1989 की राष्ट्रीय मोर्चा सरकार के दौरान भारत के प्रधान मंत्री कौन थे?

a) ज्योति बसु
b) लालकृष्ण आडवाणी
c) राजीव गांधी
d) वी.पी. सिंह

10. निम्नलिखित में से किस नेता ने भारत की नई आर्थिक नीति की शुरुआत की?

a) मनमोहन सिंह
b) इंदिरा गांधी
c) अटल बिहारी वाजपेई
d) चन्द्रशेखर

11. निम्नलिखित प्रश्न में, कथन (□) के बाद कारण (□)दिया गया है।इन्हें पढ़कर उत्तर के रूप में उचित विकल्प चुनिए:

कथन (): 1989 में भाजपा और वाम मोर्चा दोनों ने राष्ट्रीय मोर्चा सरकार को समर्थन दिया।

कारण (): वे कांग्रेस को सत्ता से बाहर रखना चाहते थे।

a) कथन और कारण दोनों सही हैं, और कारण, कथन की सही व्याख्या है।
b) कथन और कारण दोनों सही हैं, लेकिन कारण,कथन की सही व्याख्या नहीं है।
c) कथन गलत है, लेकिन कारण सही है।
d) कथन सही है, लेकिन कारण गलत है।

12. गैर-कांग्रेसी दलों केराजनीतिक अभुद्य की अभिव्यक्ति पहली बार 1977 की ......................सरकार में हुई।

a) वाम मोर्चा
b) जनता पार्टी
c) संयुक्त मोर्चा
d) प्रजा पार्टी

## खण्ड-बी (12 अंक)

13. 'आसियान शैली' का क्या अर्थ है?
14. दक्षिण एशिया के दो सबसे छोटे देशों में आए कोई एक-एक बदलाव को बताइए?
15. सुरक्षा नीति में 'अपरोध' व 'रक्षा' के क्या आशय हैं?
16. 'बॉम्बे प्लान' क्यों बनाया गया?
17. कोई दो कारण लिखिये कि भारत ने गुटनिरपेक्षता की नीति क्यों अपनाई?
18. 1962 में चीन ने भारत पर आक्रमण क्यों किया? कोई दो कारण स्पष्ट कीजिए।

## खण्ड-सी (20 अंक)

https://www.evidyarthi.in/

19. पाकिस्तान में स्थिर लोकतंत्र के निर्माण की राह में किन्हीं चार बाधाओं पर प्रकाश डालिए?

20. वीटो शक्ति क्या है?संयुक्त राष्ट्र में किन सदस्यों को ये शक्ति प्राप्त नहीं है और क्यों?

21. "वैश्वीकरण विचारों, पूंजी, वस्तुओं और लोगों के प्रवाह से जुडी परिघटना है।" कथन का विश्लेषण कीजिए.

अथवा

वैश्वीकरण के सांस्कृतिक प्रभावों का संक्षेप में परीक्षण कीजिए।

22. सन 1975 में राष्ट्रीय आपातकाल की घोषणा करते हुए सरकार ने इसके क्या कारण बताये थे?

अथवा

‘1977 के चुनावों में पहली बार विपक्ष केंद्र में सत्ता में आया।‘ऐसा किन कारणों से संभवहुआ?

23. "जैसे-जैसे अस्सी का दशक ख़त्म हुआ, देश में कुछ ऐसे विकास हुए जो हमारी राजनीति पर लंबे समय तक प्रभाव डालने वाले थे।" किन्हीं चार उदाहरणों से कथन की पुष्टि कीजिए।

## खण्ड-डी (12 अंक)

24. नीचे दिए गए गद्यांश को पढ़िए और उसके नीचे लिखे प्रश्नों के उत्तर लिखिए:

एक लम्बे समय में बना यूरोपीय संघ आर्थिक सहयोग वाली व्यवस्था से बदलकर ज्यादा से ज्यादा राजनैतिक रूप लेता गया है अब यूरोपीय संघ स्वयं काफी हद तक विशाल राष्ट्र-राज्य की तरह ही काम करने लगा है हांलांकि यूरोपीय संघ का एक संविधान बनाने की कोशिश तो असफल हो गई लेकिन इसका अपना झंडा,गान,स्थापना- दिवस और अपनी मुद्रा है अन्य देशों से संबंधों के मामले में इसने काफी हद तक साझी विदेश और सुरक्षा नीति भी बना ली हैनये सदस्यों को शामिल करते हुए यूरोपीय संघ ने सहयोग के दायरे में विस्तार की कोशिश कीनये सदस्य मुख्यतः भूतपूर्व सोवियत खेमे के थे यह प्रक्रिया आसान नहीं रही अनेक देशों के लोग इस बात को लेकर कुछ ख़ास उत्साहित नहीं थे कि जो ताकत उनके देश की सरकार को हासिल थी वह अब यूरोपीय संघ को दे दी जाए यूरोपीय संघ में कुछ देशों को शामिल करने के सवाल पर भी असहमति है

1. निम्नलिखित में से कौन सा देश अब यूरोपीय संघ का सदस्य नहीं है?

a) फ्रांस

b) जर्मनी

c) ब्रिटेन

d) इटली

2. यूरोपीय संघ की स्थापना..................में हुई।

a) 1990

b) 1992

c) 1994

d) 1996

3. यूरोपीय संघ विश्व की किस बड़ी शक्ति के रूप में उभर रहा है?

a) दूसरी

b) तीसरी

c) चौथी

d) पांचवीं

4. निम्नलिखित में से यूरोपीय संघ का कौन सा प्रयास विफल रहा?

a) अपनी मुद्रा

b) अपना झंडा

c) अपना संविधान

d) अपना स्थापना दिवस

25. भारत के दिए गए रेखा राजनीतिक मानचित्र में, चार राज्यों को (□), (□), (□) और (□) के रूप में चिह्नित किया गया है। नीचे दी गई जानकारी के आधार पर इन राज्यों को पहचानिए

https://www.evidyarthi.in/

और उनके सही नाम अपनी उत्तर पुस्तिका में संबंधित क्रम संख्या और संबंधित अक्षरों के साथ दिए गए प्रारूप में लिखिए:

(i) सरदार पटेल का गृह राज्य

(ii) वर्ष 1957 में इस राज्य में कम्युनिस्ट पार्टी की सरकार थी।

(iii) भारत के प्रथम कृषि मंत्री से संबंधित राज्य।

(iv)भारत के प्रथम स्वास्थ्य मंत्री से संबंधित राज्य।



नोट:निम्नलिखित प्रश्न संख्या 25 के स्थान पर दृष्टिबाधित अभ्यर्थियों के लिए हैं।

निम्नलिखित के नाम बताइए:

1.भारत के प्रथम कृषि मंत्री से संबंधित राज्य

2.भारत के प्रथम स्वास्थ्य मंत्री से संबंधित राज्य

3.वर्ष 1957 में किस राज्य में कम्युनिस्ट पार्टी की सरकार थी

4.सरदार पटेल का गृह राज्य

26. दिए गए कार्टून का अध्ययन कीजिए और निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दीजिए :



Credit: R. K. Laxman in The Times of India, 21 August 1969

1) इस कार्टून में भारत के किस राष्ट्रपति की जीत का वर्णन किया गया है?

2) कार्टून में दिखाए गए किसी एक नेता को पहचानिए?

https://www.evidyarthi.in/

3) 1969 के राष्ट्रपति चुनाव में श्रीमती इंदिरा गांधी की क्या भूमिका थी?

नोट: प्रश्न संख्या 26 के स्थान पर निम्नलिखित प्रश्न दृष्टिबाधित अभ्यर्थियों के लिए हैं।

निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दीजिए--

1) वर्ष 1969 में भारत का राष्ट्रपति चुनाव किसने जीता था?

2) इस चुनाव में सिंडिकेट का उम्मीदवार कौन था?

3)सिंडिकेट के किसी अन्य नेता का नाम लिखिए।

4) इस चुनाव में किस नेता ने अप्रत्यक्ष भूमिका निभाई?

खण्ड-ई(24अंक)

27. सोवियत संघ के पतन के किन्हीं तीन कारणों का उल्लेख कीजिए?

अथवा

सोवियत संघ के पतन के किन्हीं तीन प्रभावों का वर्णन कीजिए?

28. पर्यावरण के मामले में भारतीय पक्ष के विचारों को अपने शब्दों में स्पष्ट कीजिए?

अथवा

'मूलवासी'कौन हैं? मूल निवासियों के अधिकारों की समस्या का संक्षिप्त विवरण दीजिए।

29. भारत के विभाजन की प्रक्रिया अनेक समस्याओं से घिरी हुई थी। किन्हीं तीन सहायक बिंदुओं की सहायता से वाक्य की व्याख्या कीजिए।

अथवा

"भारत के विभाजन के प्रभाव सचमुच हृदयविदारक थे।" विभाजन की त्रासदी के उदाहरण देकर कथन की पुष्टि कीजिए।

30. "उत्तर-पूर्व के लोगों की क्षेत्रीय आकांक्षाएँ अलग-अलग तरीकों से व्यक्त होती हैं।" किन्हीं तीन मांगों या आंदोलनों के साथ कथन की समीक्षा कीजिए।

अथवा

भारत के विभिन्न भागों से उठने वाली क्षेत्रीय मांगों से विविधता में एकता के सिद्धांत की अभिव्यक्ति होती है। क्या आप इस कथन से सहमत हैं? तर्क दीजिए।